FACT SHEET

सफिलिसि: एसटीआई फ़ैक्ट शीट

सिफलिस/उपदंश क्या है?

सिफलिस/ उपदंश एक प्रकार का रोग है जो कि एक संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा और ओरल सेक्स करने से पारित होता है।

सिफलिस/ उपदंश के कोई संकेत या लक्षण नहीं होते। इसका मतलब यह है कि आपको संक्रमित होने का पता एसटीआई परीक्षण करवाने से ही चलेगा। संक्रमित व्यक्ति बिना किसी लक्षण के भी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है । सिफलिस के लक्षणों में मुंह, जननांग या गुदा (नीचे) के आसपास घाव, हाथ, पीठ, छाती या पैर पर लाल दाने और थकान शामिल है।

उचित उपचार के बिना, सिफलिस से

शरीर के अलग-अलग हिस्सों को नुकसान पहुँच सकता है – जिनमे हृदय, मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी सहित, आँखें और हड्डियाँ शामिल हैं। सिफलिस के कारण लोगों में जन्म दोष और गर्भवती महिलाओं में गर्भपात भी हो सकता है।

सिफलिस का संक्रमण कैसे होता है?

यदि कोई व्यक्ति संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा या ओरल सेक्स करता हैं, तो सिफलिस त्वचा से त्वचा के संपर्क से पारित हो सकता है। सिफलिस मां से बच्चे में गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान को भी पारित हो सकता है। कंडोम और/या डैम जैसी सुरक्षा का उपयोग आपको सिफलिस से बचाने का एक प्रभावी तरीका है।



सिफलिस से बचाव कैसे हो सकता है?

- योनि, गुदा या ओरल सेक्स के दौरान कंडोम का प्रयोग करें। कंडोम सिफलिस को फैलने से रोक सकता है। आप यह सुनिश्चित करें कि आप एक से ज्यादा साथी होने पर और सेक्स टॉयज साझा करते समय कंडोम बदलें । इससे सिफलिस के पारित होने का खतरा कम हो सकता है।
- ओरल सेक्स के दौरान डैम का इस्तेमाल करें। डैम त्वचा से त्वचा के संपर्क को रोकेगा जिससे सिफलिस के पारित होने का खतरा नहीं रहता।
- यदि आपको सिफलिस है, तो उपचार के सात दिन बाद तक किसी के साथ यौन संबंध न बनाएं।
- हर 3-12 महीनों में एसटीआई और एचआईवी का टेस्ट करवाएं। यह महत्वपूर्ण है और एक स्वस्थ आत्मविश्वासी यौन स्वास्थ्य बनाए रखने का हिस्सा है।

सिफलिस का ईलाज क्या है ?

सिफलिस की जांच रक्त परीक्षण द्वारा की जाती है। यदि आपको अल्सर या घाव जैसे लक्षण हैं, तो आपका एक स्वैब लिया जाएगा।

आप अपने स्थानीय चिकित्सक, यौन स्वास्थ्य क्लिनिक और कुछ विश्वविद्यालय स्वास्थ्य क्लीनिकों में सिफलिस परीक्षण करवा सकते हैं। अपनी निकटतम सेवा खोजने के लिए 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल कर सकते हैं।

सिफलिस और अन्य एसटीआई के लिए परीक्षण पीड़ा पूर्ण नहीं है। एसटीआई परीक्षण आसान एवं गोपनीय हैं और इसमें शर्म की कोई बात नहीं है।

यदि आपका सिफलिस टेस्ट पाज़िटिव आता है तो आपको अपने साथियों को बताना अनिवार्य है ताकि वे भी परीक्षण और उपचार करवा सकें। यदि आपको अपने साथियों से संपर्क करने में सहायता की आवश्यकता है तो अपने डॉक्टर से पूछें, Let Them Know पर जाएं या 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल करें।

FACT SHEET

सफिलिसि: एसटीआई फ़ैक्ट शीट

सिफलिस का ईलाज क्या है ?

सिफलिस का ईलाज एंटीबायोटिक इंजेक्शन से किया जाता है। आपके उपचार की अवधि आपके संक्रमण की अवधि से सुनिश्चित की जाती है। आपको या तो केवल एक बार या 3 सप्ताह तक हर सप्ताह एक बार उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

यदि आपको सिफलिस है, तो उपचार पूरा करने के बाद 3, 6 और 12 महीनों में दोहराए जाने वाले परीक्षण महत्वपूर्ण हैं।

सिफलिस और अन्य एसटीआई के बारे में अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?

सिफलिस, अन्य एसटीआई और अपनी सेक्शुअल हेल्थ के बारे में जानकारी और समर्थन के लिए, आप Sexual Health Infolink 1800 451 624 (मुफ्त कॉल), specialist यौन स्वास्थ्य नर्स से बात कर सकते हैं। यह मुफ़्त, गोपनीय और गैर-न्यायिक है। आप International Student Health Hub भी जा सकते हैं।

यदि आपको स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं या जानकारी प्राप्त करने के लिए दूभाषिये की आवश्यकता है तो आप Translating and Interpreting Service को 131 450 पर संपर्क करें।

Scan the QR code to find out more about syphilis and STIs